# University in News on 19 December 2021

## JAGARAN CITY PAGE I

### लवि : परीक्षा विभाग ने शुरू की तैयारी, जल्द जारी होगा विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम

# जनवरी में हो सकती हैं यूजी पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) की स्नातक व परास्नातक विषम सेमेस्टर (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) की परीक्षाएं जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू हो सकती हैं। परीक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही इसका विस्तृत शेड्यूल जारी किया जाएगा।

लवि ने अभी तक सिर्फ विधि और बीबीए आदि की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू की हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी, बीकाम (तीसरे, पांचवें सेमेस्टर), परास्नातक, बीकाम आनर्स, बीएससी, एमएससी सहित अन्य पीजी कोर्सों में परीक्षा फार्म भरने का मौका 20 दिसंबर तक दिया है। इन पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी के पहले सप्ताह में कराने की तैयारी है।

**नोडल केंद्रों को बताना होगा पास के कालेजों की दूरी :** लखनऊ विश्वविद्यालय पहली बार रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के महाविद्यालयों में पढ़ने वाले प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं आयोजित करेगा। इसकी भी तैयारी शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कालेज विकास परिषद (सीडीसी) प्रो. अवधेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने प्रस्तावित नोडल केंद्रों के प्रभारियों के साथ मंथन हाल में बैठक की, जिसमें सभी को निर्देश दिए गए कि वे अपने तीन से पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले केंद्रों के प्राचार्यों के नाम, उनका मोबाइल नंबर और नोडल केंद्र से कालेज की दूरी आदि की जानकारी परीक्षा नियंत्रक के ई-मेल पर भेजें। जो भी केंद्र की सूचनाएं आएंगी, उसका मिलान विश्वविद्यालय अपने पास प्रस्तावित केंद्रों की सूची से करेगा। हालांकि बैठक में कई कालेजों ने नोडल केंद्र बनाने पर असहमति जताई है।

**बीएससी प्रयोगात्मक परीक्षाएं 22 से :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी तीसरे, पांचवें सेमेस्टर (जुलाजी एंड जेनेटिक्स, जिनोमिक्स) प्रयोगात्मक परीक्षाएं-2021-22 की तिथियां तय कर दीं। पांचवें सेमेस्टर में जूलाजी की प्रयोगात्मक परीक्षा 22 से 24 दिसंबर तक और जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स की प्रयोगात्मक परीक्षा 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे से होगी। इसी तरह तीसरे सेमेस्टर में जूलाजी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 27 से 30 दिसंबर तक और जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स की परीक्षा 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे से होगी। विभाग के हेड प्रो. सुधीर कुमार ने इसका नोटिस जारी कर दिया है।

**20 जनवरी तक आंतरिक परीक्षाओं के अंक हो सकेंगे अपलोड:** परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि आंतरिक, प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड करने के लिए 20 जनवरी तक मौका दिया गया है। विधि और आइएमएस (इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस) को छोड़कर शेष स्नातक, परास्नातक व अन्य पाठ्यक्रमों के विषय सेमेस्टर दिसंबर 2021 की परीक्षाओं के आंतरिक, प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षाओं के अंक आनलाइन पोर्टल पर 20 जनवरी तक अपलोड किए जा सकेंगे। इसकी हार्ड कापी 22 जनवरी तक परीक्षा प्रकोष्ठ के पास भी जमा होगी।

### नई शिक्षा नीति की चुनौतियों और गुणवत्ता पर चर्चा

नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करने से लेकर उसमें आने वाली चुनौतियों और भविष्य का रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से शनिवार को आनलाइन क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी जिम्मेदारी लखनऊ विश्वविद्यालय को दी गई थी। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय सहित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान से प्रतिनिधि शामिल हुए। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने यहां सबसे पहले पीजी पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति लागू की थी। विश्वविद्यालय की ओर से कार्यशाला के कोआर्डिनेटर प्रो. मनोज दीक्षित और प्रो. अमिता बाजपेयी ने अपनी बात रखी। प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि कार्यशाला में इस नीति से शिक्षा की पहुंच, उसकी गुणवत्ता और भविष्य के लिए तैयारी जैसे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। चारों राज्यों ने इस पर अपना कांसेप्ट पेपर प्रस्तुत किए। बताया कि तीन साल साल का स्नातक शुरू करने, एकेडमिक क्रेडिट बैंक से विद्यार्थियों को क्रेडिट ट्रांसफर करने, इंडस्ट्री के साथ समन्वयक स्थापित करने सहित कई चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। अब चारों कांसेप्ट पेपर को मिलाकर एक पेपर तैयार करके यूजीसी को भेजा जाएगा।

### लवि एवं कालेजों में 25 से शीतकालीन अवकाश

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में 25 दिसंबर से दो जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। शनिवार को कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इसके निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि शीतकालीन अवकाश के दौरान परीक्षा संबंधी सभी कार्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।



### बी.एससी नर्सिंग की परीक्षा आज, दस बजे से मिलेगा प्रवेश

लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ एवं किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की बी. एससी नर्सिंग (सीईटी-2021) परीक्षा होगी। इस दौरान परीक्षार्थियों को मोबाइल, बैग आदि ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को सुबह 10 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। शनिवार को विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने निर्देश जारी किए हैं। बी.एससी नर्सिंग परीक्षा में 3,300 परीक्षार्थी शामिल होंगे। चीफ प्राक्टर ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश करते समय सभी परीक्षार्थियों को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करना होगा। उन्हें गेट नंबर एक, दो और चार से प्रवेश दिया जाएगा। मोबाइल फोन, कोई भी पाठ्य सामग्री, बैग लाने पर रोक रहेगी।

## HINDUSTAN PAGE 8

# एलयू: कथक संस्थान की परीक्षाएं चार जनवरी से

**मिशन एग्जाम**

लखनऊ | **वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राष्ट्रीय कथक संस्थान की बीपीए और एमपीए विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं चार जनवरी से शुरू हो रही हैं।

शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार ये परीक्षाएं तीन चरणों में होंगी। पहले चरण में प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, उसके बाद स्टेज प्रस्तुति होगी और उसके बाद लिखित परीक्षाएं आयोजित होंगी। परीक्षा कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है।

**बीएससी नर्सिंग की परीक्षा आज**

अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ और केजीएमयू की बीएससी नर्सिंग (सीईटी-2021) की परीक्षा रविवार को एलयू में आयोजित की जा रही है। एलयू प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों को विवि के गेट नं. एक, दो व चार से सुबह 10 बजे से प्रवेश मिलेगा। ड्यूटी करने वाले शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी गेट नं. दो व चार से प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थियों व अन्य सभी के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रहेगा।

**परीक्षा कार्यक्रम**

20 दिसंबर: बीपीए तृतीय, पांचवा और सातवां सेमेस्टर (वोकल, कथक) प्रैक्टिकल और वायवा
21 दिसंबर: स्टेज प्रस्तुति
4, 5, 6 जनवरी: लिखित परीक्षा

20 दिसंबर: एमपीए- तृतीय सेमेस्टर- कथक डांस, वोकल और तबला, प्रैक्टिकल और वायवा
21 दिसंबर: स्टेज प्रस्तुति
4 और 5 जनवरी: लिखित परीक्षा

### बीएससी के प्रैक्टिकल 22दिसंबर से होंगे

लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रयोगात्मक व लिखित परीक्षाओं का दौर चल रहा है। इस क्रम में शनिवार को बीएससी के कुछ विषयों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया। इनमें जूलॉजी और जेनेटिक्स व जीनॉमिक्स शामिल हैं।

- बीएससी जूलॉजी तृतीय सेमेस्टर प्रैक्टिकल: 27 से 30, सुबह 11 बजे
- बीएससी जेनेटिक्स एंड जीनॉमिक्स तृतीय सेमेस्टर प्रैक्टिकल: 31 दिसम्बर, सुबह 11 बजे
- बीएससी जूलॉजी पांचवा सेमेस्टर प्रैक्टिकल: 22 से 24 सुबह 11 बजे
- बीएससी जेनेटिक्स एंड जीनॉमिक्स पांचवा सेमेस्टर प्रैक्टिकल: 24 दिसम्बर सुबह 11 बजे

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### कोविड से उबरने में मददगार योग व समाज कार्य

लखनऊ। लूसियाना राज्य विवि के समाज कार्य विभाग के डीन एमेरिटस प्रो. ब्रजमोहन ने कहा है कि कोविड महामारी के इस कठिन दौर में समाज कार्य, योग और आयुर्वेद लोगों की मदद करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। सभी के लिए स्वास्थ्य को मूलभूत मानवाधिकारों में शामिल किए जाने की जरूरत है। वे लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा आयोजित 'सभी के लिए स्वास्थ्य : योग, आयुर्वेद और समाज कार्य की भूमिका' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। विभाग और श्रीराम योग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा की योग, गांधी के बाद भारत द्वारा दुनिया को दिया गया सबसे महत्वपूर्ण उपहार है। एनएपीएसडबल्यूआई के अध्यक्ष प्रो. राम प्रकाश द्विवेदी ने कहा की गांधी जी ने योग को जन-जन तक पहुंचाया। उनका कहना था कि योग व्यक्तिगत के साथ-साथ सामाजिक संयम की भी बात करता है। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रो. सुरेश लाल बरनवाल ने कहा की योग समग्र जीवन दृष्टि प्रदान करता है। विभागाध्यक्ष प्रो. अनुप कुमार भारतीय ने दो दिवसीय सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। (माई सिटी रिपोर्टर)

# योग और आयुर्वेद लोगों के मददगार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में शनिवार को सभी के लिए स्वास्थ्यः योग, आयुर्वेद और समाज कार्य की भूमिका विषय पर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।

अध्यक्षता लूसियाना राज्य विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के डीन एमेरिटस बृजमोहन ने की। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में कोविड महामारी के कठिन समय में योग और आयुर्वेद लोगों की मदद करने में महत्वपूर्ण हैं।

## AMRIT VICHAR PAGE 5

### लखनऊ विवि में बीएससी नर्सिंग की परीक्षा आज

लखनऊ। अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ और केजीएमयू की बीएससी नर्सिंग (सीईटी-2021) की परीक्षा रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित की जा रही है। एलयू प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों को विवि के गेट नं. एक, दो व चार से सुबह 10 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा में ड्यूटी करने वाले शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी गेट नं. दो व चार से प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थियों व अन्य सभी के लिए इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रहेगा।

### कथक संस्थान की परीक्षाएं चार जनवरी से

लखनऊ। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राष्ट्रीय कथक संस्थान परीक्षाएं 4 जनवरी से शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार ये परीक्षाएं तीन चरणों में होंगी। पहले चरण में प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, उसके बाद स्टेज प्रस्तुति होगी और उसके बाद लिखित परीक्षाएं आयोजित होंगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है।